दिन— शनिवार | दिनांक— 04 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 07.30 बजे से। | अवधि — 15 मिनट

---

01. उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। युवा शक्ति को बताया विकसित भारत का शिल्पकार।

02 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण से संबंधित विधेयक के लिए सभी दलों से समर्थन की अपील की।

03. पूर्वी चंपारण जिले में जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हुई।

04. और, मौसम विभाग ने कल राज्य के दक्षिणी और उत्तर—पश्चिमी हिस्सों में कुछ स्थानों पर धूलभरी आंधी के साथ बारिश की जताई संभावना।

---

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति और विकसित भारत की यात्रा में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया है। श्री राधाकृष्णन मोतिहारी स्थित महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान का उपयोग देश के सामने आने वाली चुनौतियों के समाधान के लिए करें। उपराष्ट्रपति ने वर्तमान युग को अमृत काल बताते हुए कहा कि युवा ही भारत के भविष्य के मुख्य शिल्पकार हैं। उन्होंने कहा कि भारत अपनी युवा शक्ति की बदौलत वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को प्राप्त करेगा।

———साउंड बाइट———

उपराष्ट्रपति ने छात्रों को नवाचार और सेवा भावना के साथ नेतृत्व करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम पर स्थापित है, इसलिए विद्यार्थियों को अपने पेशेवर जीवन में सत्य, अहिंसा और आत्मनिर्भरता जैसे गांधीवादी मूल्यों को आत्मसात करने की जरूरत है। श्री राधाकृष्णन ने बिहार को ज्ञान और विज्ञान की धरती बताते हुए कहा कि हाल के दिनों में राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में कई काम हुए हैं, जिसमें नालंदा विश्वविद्यालय का पुनरूद्धार प्रमुख है।

———साउंड बाइट———

दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और स्नातक, स्नातकोत्तर और शोध उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की। समारोह में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैयद अता हसनैन, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और स्थानीय सांसद राधामोहन सिंह भी शामिल हुए। दीक्षांत समारोह में शामिल होने के बाद उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन पश्चिम चंपारण स्थित ऐतिहासिक भितिहरवा गांधी आश्रम पहुंचे, जहाँ उन्होंने महात्मा गांधी की विरासत को नमन किया और उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण से संबंधित नारी शक्ति वय वंदन अधिनियम के लिए सभी दलों से समर्थन की अपील की है। श्री मोदी आज तिरुवल्ला में एनडीए के चुनाव प्रचार अभियान के अंतर्गत एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा है कि महिला सशक्तिकरण एनडीए की प्राथमिकता है और इसकी नीतियों से महिलाओं को सबसे अधिक लाभ हुआ है।

———साउंड बाइट———

---

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि सरकार देश भर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है। मंत्रालय ने नागरिकों को घबराहट में पेट्रोल और डीजल खरीदने तथा रसोई गैस की अनावश्यक बुकिंग से बचने की सलाह दी है। मंत्रालय ने कहा कि पांच किलोग्राम के सिलेण्डर नजदीकी एलपीजी वितरकों के यहां उपलब्ध हैं और वैध पहचान पत्र दिखाकर इन्हें खरीदे जा सकता है। मंत्रालय ने कहा कि पांच किलोग्राम के सिलेंडर खरीदने के लिए किसी पते के प्रमाण की आवश्यकता नहीं है।

---

उप मुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि सरकार भूमि विवाद से जुड़े मामलों को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। आज मुंगेर में भूमि सुधार जनकल्याण संवाद को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार ठोस कार्ययोजना के तहत काम कर रही है।

———साउंड बाइट———

———————————————————————

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने जनविश्वास विधेयक के संसद के दोनों सदनों से पारित होने पर प्रसन्नता जताई है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के माध्यम से व्यापार में आने वाली जटिलताओं को कम किया गया है।

———————————————————————

सोनपुर रेल मंडल ने वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस में कुल एक हजार एक सौ नब्बे करोड़ रूपये से अधिक का राजस्व अर्जित किया है। मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन ने आज छपरा में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी।

———साउंड बाइट———

———————————————————————

सीवान जिला प्रशासन ने निजी विद्यालयों में पुनर्नामांकन शुल्क और किताबों की मनमानी कीमत पर अंकुश लगाने के लिए हेल्प लाइन की शुरूआत की है। जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि लोग इस संबंध में टेलीफोन नम्बर– 06154–242099/242860 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि तय प्रावधानों के तहत ही विद्यालय शुल्क में वृद्धि कर सकते हैं।

———साउंड बाइट——

———————————————————————

पटना के भारतीय नृत्य कला मंदिर में आयोजित किताब उत्सव के दूसरे दिन आज किताब चर्चा के तहत जावेद अनवर की पुस्तक "सांप्रदायिकता और जातिवाद के विषाणु" पर चर्चा का आयोजन किया गया। पूर्व सांसद अली अनवर और आकाशवाणी समाचार, पटना के उप निदेशक अजय कुमार सहित कई वक्ताओं ने इस पुस्तक पर अपने विचार रखे। पुस्तक के लेखक जावेद अनवर ने किताब के विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डाला।

———————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के तुरकौलिया और रघुनाथपुर थाना क्षेत्रों में जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई है। अभी भी कई लोगों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। इस बीच, पुलिस ने बताया है कि फॉरेंसिक जांच में

इस बात की पुष्टि हुई है कि मेथेनॉल से बनी शराब पीने के कारण लोगों की मौत हुई है। जिले में शराब माफिया के खिलाफ लगातार छापेमारी की जा रही है।

---

मुजफ्फरपुर जिले मनियारी थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर दो वाहनों से एक हजार चार सौ लीटर शराब बरामद की है। मौके से एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। वहीं, वैशाली जिले के महनार थाना क्षेत्र अंतर्गत दियारा इलाके में पुलिस ने छापेमारी कर अवैध शराब फैक्ट्री को ध्वस्त कर दिया। मौके पर डेढ़ हजार लीटर से अधिक शराब नष्ट की गई। दूसरी तरफ, बक्सर रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की टीम ने कार्गो–हावड़ा कुंभ एक्सप्रेस ट्रेन से लगभग तैंतीस लीटर शराब बरामद की है।

---

मौसम विभाग ने कल राज्य के दक्षिणी और उत्तर–पश्चिमी हिस्सों में कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान धूलभरी आंधी चलने और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

–––साउंड बाइट–––

विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान गया के शेरघाटी में सबसे अधिक छत्तीस मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। वहीं, अड़तीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ शेखपुरा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। पटना का अधिकतम तापमान सैंतीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

कटिहार के फलका थाना में पुलिस हिरासत में एक युवक की मौत से आक्रोशित लोगों ने फलका–कुर्सेला स्टेट हाईवे को जाम कर प्रदर्शन किया। पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने बताया कि आरोपी युवक ने हाजत में आत्महत्या का प्रयास किया था, जिसके बाद उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि फलका थाना प्रभारी रवि कुमार राय और कांड के अनुसंधानकर्ता कुंदन पटेल को निलंबित कर दिया गया है और मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं।

---

शिवहर जिले के हिरम्मा थाना क्षेत्र के बेलाही दुल्ला गांव में आज भीषण आग लगने से सात घर जलकर पूरी तरह राख हो गए। अगलगी की घटना में तीन मवेशियों की भी जलकर मौत हो गई। वहीं, बांका जिले के रजौन प्रखंड के दुर्गापुर, बाबर चक और डुमरिया में आग लग जाने से सौ बिगहा से अधिक खेत में लगी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गयी।

---

बांका जिले के बेलहर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार और मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

---

सुपौल जिले एसएसबी की टीम ने रतनपुरा थाना क्षेत्र स्थित एक खेत से दो सौ तिरेसठ किलो गांजा बरामद किया गया।

---

पटना के एक चिकित्सक से दस लाख रुपये रंगदारी मांगने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को नवादा से गिरफ्तार किया है।

---

नालंदा जिले के बिहार थाना क्षेत्र से पुलिस ने पांच साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तेहर मोबाईल और नौ सिम कार्ड बरामद किये गए।

---

रोहतास जिले के सासाराम प्रखंड प्रमुख रूपा कुमारी के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव आवश्यक समर्थन के अभाव में खारिज हो गया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। युवा शक्ति को बताया विकसित भारत का शिल्पकार।

02 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण से संबंधित विधेयक के लिए सभी दलों से समर्थन की अपील की।

03. पूर्वी चंपारण जिले में जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हुई।

04. और, मौसम विभाग ने कल राज्य के दक्षिणी और उत्तर–पश्चिमी हिस्सों में कुछ स्थानों पर धूलभरी आंधी के साथ बारिश की जताई संभावना।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।